फा. सं: 1-1/हि.प्र.के.वि./शै./2010/खंड-VIII/6218-25
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(सामान्य प्रशासन/General Administration)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला-176215, दिनांक: 17 सितम्बर, 2021

कार्यालय आदेश

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों के समन्वयकों, नोडल कंम्पलायंस अधिकारियों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं प्रोवोस्ट की संस्तुतियों एवं माननीय कुलपति महोदय के आदेशों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं को दिनांक 21 सितम्बर, 2021 से 50% छात्रों के साथ ऑफ़लाइन मोड में खोला जाता है |

इस संबंध में सभी विभागाध्यक्ष संबंधित परिसरों के समन्वयकों एवं नोडल कंम्पलायंस अधिकारियों से समन्वय करके अपने-अपने विभाग की समय-सारणी तैयार करेंगे एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नोडल कंम्पलायंस अधिकारी और कैम्पस कोओरडीनेटर राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार द्वारा कोविड – 19 से संबंधित समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाएंगे |

17/09/2021

(प्रो. विशाल सूद)
कुलसचिव(अतिरिक्त प्रभार)
दिनांक : 17 सितम्बर, 2021

पृष्ठांकनः सम संख्या |

प्रति निम्नलिखित को सूचना एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु अग्रेषित है :

1. सभी परिसरों के समन्वयक, हि.प्र.के.वि. – कृपया संबंधित परिसरों का सेनिटाईज़ेशन करना सुनिश्चित करवाएंगे |
2. सभी स्कूलों के अधिष्ठाता/विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष/केन्द्रों के निदेशक, हि.प्र.के.वि. – कृपया अपने विभागीय स्तर पर संबंधित छात्रों को राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार द्वारा कोविड – 19 से संबंधित समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाएंगे |
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण – कृपया राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार द्वारा कोविड – 19 से संबंधित समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाएंगे |
4. प्रोवोस्ट, हि.प्र.के.वि. – कृपया छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के आवास, भोजन, सुरक्षा व सेनिटाईज़ेशन संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित करवाएंगे |
5. यातायात संयोजक, हि.प्र.के.वि. – कृपया उपरोक्त के आलोक में यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करवाएंगे |
6. सिस्टम एनालिस्ट – कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में |
7. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय – कृपया माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ |
8. सहायक अभियंता(सिविल) – सभी परिसरों का सेनिटाईज़ेशन करवाना सुनिश्चित करवाएंगे |

17/09/2021

कुलसचिव(अतिरिक्त प्रभार)